अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance...

## IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

14 DEC. 2023

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

### 1. पुष्पा भारती को व्यास सम्मान, 2023 के लिए चुना



- प्रसिद्ध हिंदी लेखिका पुष्पा भारती के 2016 के संस्मरण, 'यादें, यादें और यादें'को 33वें व्यास सम्मान, 2023 के लिए चुना गया है.
- इसकी जानकारी केके बिड़ला फाउंडेशन ने एक आधिकारिक बयान में दिया गया है.
- व्यास सम्मान साहित्यिक पुरस्कार है जो पहली बार 1991 में दिया गया था.
- **व्यास सम्मान की शुरुआत**
- व्यास सम्मान चयन वर्ष से ठीक पहले 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित किसी भी भारतीय नागरिक की हिंदी की एक उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को भेंट किया जाता है।
- व्यास सम्मान की शुरुआत 1991 में की गई थी।

### 2. कबीर बेदी को इटली के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान से सम्मानित किया




- कबीर बेदी (Kabir Bedi) सिर्फ हिंदी सिनेमा में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके हैं।
- कबीर इटली में भी काफी मशहूर हैं। उन्होंने कई इटालियन फिल्मों में काम किया है।
- हाल ही में, अभिनेता को इटली के सर्वोच्च सम्मानों में से एक 'द ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया है।
- मुंबई के गेटवे ऑफ इंडियन में आयोजित हुए इस अवॉर्ड सेरेमनी में कबीर बेदी की पूरी फैमिली मौजूद रही।
- कबीर ने पोती अलाया फर्नीचरवाला और बेटी पूजा बेदी के साथ सोशल मीडिया पर अवॉर्ड सेरेमनी की तस्वीरें शेयर कीं।

### 3. भारत की पहली सिक्स लेन स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण किया



- NH-6 को हजीरा पोर्ट से जोड़ने वाली भारत की पहली सिक्स लेन स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण किया गया।
- स्टील उत्पादन के दौरान स्टील स्लैग ठोस अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न होता है। प्रति टन स्टील उत्पादन पर लगभग 180- 200 किलोग्राम स्टील स्लैग उत्पन्न होता है।
- इस्पात मंत्रालय ने "सड़क निर्माण में स्टील स्लैग के उपयोग के लिए डिजाइन दिशानिर्देशों और विशिष्टताओं के विकास" पर एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना को वित्त पोषित किया है।
- इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना के तहत, राष्ट्रीय राजमार्ग-6 को हजीरा बंदरगाह से जोड़ने वाली भारत की छह लेन वाली पहली स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण मई, 2022 में सूरत हजीरा में किया गया।
- इस योजना के अंतर्गत बिटुमिनस फुटपाथ की सभी परतों में प्राकृतिक घटक के विकल्प के रूप में प्रसंस्कृत स्टील स्लैग का उपयोग किया जाता है।
- स्टील स्लैग आधारित सड़कों के निर्माण के लिए मसौदा दिशानिर्देश सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा तैयार किए गए हैं।

### 4. भारत में साइबेरियाई बाघों का पहला जोड़ा 12 साल बाद दार्जिलिंग पहुंचा



- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में दो लुप्तप्राय साइबेरियाई बाघ पहुंचे।

- साइबेरियाई बाघ लारा और अकामास 12 साल बाद कोलकाता हवाई अड्डे से दो विशेष एम्बुलेंस में दार्जिलिंग पहुंचे।
- आखिरी साइबेरियाई बाघ की उम्र संबंधी समस्याओं के कारण नवंबर 2011 में नैनीताल चिड़ियाघर में मृत्यु हो गई थी।
- पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क भारत में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित है। 2007 तक इसने साइबेरियाई बाघ की मेजबानी की।
- वे पशु विनिमय कार्यक्रम के एक भाग के रूप में साइप्रस से दार्जिलिंग पहुंचे।
- भारत ने पशु विनिमय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में लाल पांडा को साइप्रस के पाफोस चिड़ियाघर में भेजा।

**5. 'अंतर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार' 2023 से फिनलैंड की एनजीओ को सम्मानित किया**



- फिनलैंड ने अफगानिस्तान के एक गैर सरकारी संगठन को 'अंतर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार' 2023 से सम्मानित किया है.
- यह एनजीओ अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिए काम करता है.
- फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने अवार्ड के साथ 300,000 यूरो भी प्रदान किये.

**6. नाहिदा अख्तर ने इतिहास रचा**




- बांग्लादेश की बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर को नवंबर महीने के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया गया है.
- वह अवार्ड जीतने वाली पहली बांग्लादेशी महिला खिलाड़ी बनीं है.
- वहीं ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता स्टार ट्रैविस हेड नवंबर 2023 के लिए ICC मेन्स प्लेयर ऑफ़ द मंथ बने है.

**7. सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया**



- भारतीय T20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए, गेंद के लिहाज से टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है.
- साथ ही सूर्या स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से 56 पारियों में यह मुकाम हासिल किया.
- वह भारत के ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका की धरती पर बतौर कप्तान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक जमाया।
- इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का 16 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

**8. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर से तैयार किए गए आपराधिक विधेयक पेश किया**



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मौजूदा ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए लोकसभा में फिर से तैयार किए गए तीन विधेयक पेश किए।


- नए विधेयकों में संसदीय समिति द्वारा अनुशंसित परिवर्तन शामिल हैं।
- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक (बीएनएसएस), 2023 भारतीय दंड संहिता 1860 का स्थान लेगा।
- नए बिल के तहत आतंकवादी कृत्य की परिभाषा का विस्तार किया गया है।
- आतंकवादी की परिभाषा में "आर्थिक सुरक्षा" और "भारत या किसी विदेशी देश में भारत की रक्षा के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी संपत्ति की क्षति या विनाश" को आतंकवादी की परिभाषा में शामिल किया गया है।
- विधेयक ने "मानसिक बीमारी" को "अस्वस्थ दिमाग" से बदल दिया। इसमें विधेयक की धारा 85 के तहत एक महिला के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाना भी अपराध माना गया है।
- भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक, 2023 क्रमशः भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 और आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1898 का स्थान लेंगे।

**9. रूस ने दो नई परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों का अनावरण किया**



- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दो नई परमाणु-संचालित पनडुब्बियों "क्रास्नोयार्स्क और सम्राट अलेक्जेंडर" का अनावरण किया है।
- सम्राट अलेक्जेंडर III सेवा में प्रवेश करने वाली सातवीं बोरेई श्रेणी की परमाणु-संचालित पनडुब्बी है। उनमें से प्रत्येक 16 परमाणु-युक्त बुलावा अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस है।
- क्रास्नोयार्स्क नए यासेन प्रकार की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी है।
- यह क्रूज़ मिसाइलों और टॉरपीडो से लैस है, और दुश्मन की पनडुब्बियों का शिकार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और ज़मीनी लक्ष्यों पर हमला करने में भी सक्षम है।

**10. पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने "नए भारत का सामवेद" पुस्तक का विमोचन किया**




- भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने नई दिल्ली में "नये भारत का सामवेद" पुस्तक लॉन्च की है।
- यह पुस्तक भारतीय संविधान पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों का संकलन है।
- अपने मुख्य भाषण में कोविन्द ने कहा कि, अगर देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान के बारे में पर्याप्त जानकारी हो तो सब कुछ आसान हो जाएगा।
- उन्होंने आगे कहा कि नागरिक यह समझ सकेंगे कि संविधान निर्माताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता थी.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **लेखिका पुष्पा भारती के संस्मरण को व्यास सम्मान पुरस्कार के लिए चुना गया है। संस्मरण का नाम क्या है?**
(a) 'एक जीवन कम साधारण'
(b) 'यादें, यादें और यादें'
(c) 'मेरे जीवन की परीक्षा'
(d) 'मेरी माँ की कहानी'

2. **हाल ही में किस अभिनेता को इटली के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है?**
(a) अमिताभ बच्चन
(b) कबीर बेदी
(c) आर माधवन
(d) मनोज वाजपेयी

3. **भारत की पहली सिक्स लेन स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण किया गया है। यह NH-6 को ____ से जोड़ता है।**
(a) हजीरा बंदरगाह
(b) कांडला बंदरगाह
(c) कामराजार बंदरगाह
(d) विशाखापत्तनम बंदरगाह

4. **साइबेरियाई बाघों का पहला जोड़ा निम्नलिखित में से किस प्राणी उद्यान में पहुंचा?**
(a) अलीपुर प्राणी उद्यान
(b) अमिर्थी जूलॉजिकल पार्क
(c) पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क
(d) इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान

5. **'अंतर्राष्ट्रीय लैंगिक समानता पुरस्कार' 2023 से किस देश की एनजीओ को सम्मानित किया गया है?**
(a) सीरिया
(b) इजरायल
(c) अफगानिस्तान
(d) ब्राजील

6. **नवंबर 2023 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवार्ड किसे दिया गया है?**
(a) हरमनप्रीत कौर
(b) नाहिदा अख्तर
(c) एनाबेल सदरलैंड
(d) दीप्ति शर्मा

7. **गेंद के लिहाज से T20I में सबसे तेज़ 2,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज़ कौन बने है?**
(a) सूर्यकुमार यादव
(b) ग्लेन मैक्सवेल
(c) विराट कोहली
(d) डेविड मिलर

8. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
1. भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक (बीएनएसएस), 2023 भारतीय दंड संहिता 1829 का स्थान लेगा।
2. विधेयक में "मानसिक बीमारी" को "अस्वस्थ दिमाग" से बदल दिया गया है।
सही कोड चुनें:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) इनमे से कोई भी नहीं

9. **हाल ही में, किस देश ने दो नई परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बियों "क्रास्नोयार्स्क और एम्परर अलेक्जेंडर" का अनावरण किया है?**
(a) भारत
(b) रूस
(c) जापान
(d) यूएसए

10. **नई दिल्ली में "नए भारत का सामवेद" पुस्तक का विमोचन किसने किया है?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) एम वेंकैयाग नायडू
(c) रामनाथ कोविंद
(d) द्रौपदी मुर्मु

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (a) | (c) | (c) | (b) | (a) | (b) | (b) | (c) |